**आकाशवाणी शिमला**
**23.05.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश।**
- **विपक्षी दल भाजपा ने हाईकोर्ट के फैसले को बताया सच्चाई की जीत–विमल नेगी के परिजनों को मिलेगा न्याय।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया से भेंट कर राज्य के लिए निधि आवंटन बढ़ाने का किया आग्रह।**
- **भारतीय सेना के शौर्य, साहस व बलिदान को समर्पित तिरंगा यात्रा जारी–नेता प्रतिपक्ष ने कहा–पूरा देश ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से गदगद।**

**सीबीआई जांच**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बहुचर्चित विमल नेगी मौत मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने आज इस संबंध में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह, डीजीपी और शिमला पुलिस की एस.आई.टी. की जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए मामला जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का फैसला सुनाया। इस मामले में याचिकाकर्ता मृतक विमल नेगी की धर्म पत्नी किरण नेगी के अधिवक्ता आर के बावा ने बताया कि अदालत ने आदेश दिया कि सीबीआई जांच टीम में हिमाचल कैडर का कोई भी अधिकारी शामिल नहीं होगा। अदालत ने मामले में शिमला ज़िला पुलिस को भी फटकार लगाई है और कहा है कि वह दो महीने बीत जाने के बाद भी किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है।

*विमल नेगी की वाइफ ने यहां एक पेटिशन कर रही थी जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी जो हस्बैंड की डेथ हुई है **in mysterious circumstances** उसके उपर जो है फेयर इन्वेस्टीगेशन नहीं हुई है तो वो जो पेटिशन है वो कोर्ट ने आज **allow** करी है और मै जो इन्वेस्टीगेशनहै वो मै सी बी आई को ट्रान्सफर कर दी है इसमें **indipendent enquire** करेंगे और हिमाचल कोई भी ऑफिसर जो है उसमें अपने एस आई टी में अगर करते हैं तो उसमें **associate** नहीं करेगा ।*

इस मामले में मृतक चीफ इंजीनियर विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी ने पुलिस जांच पर सवाल उठाए थे और अदालत से निष्पक्ष जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंपने की गुहार लगाई थी।

**सीबीआई जांच–2**

विमल नेगी के परिजनों ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से सच्चाई की जीत हुई है और अब सीबीआई मामले की निष्पक्ष जांच कर सकेगी, जिससे परिवार को न्याय मिलेगा।

***आज हमें जो माननीय न्यायालय ने हमारे जो जो आप फैसला दिया है, इससे हम जो हैं बहुत ही प्रसन्न हैं और आगे भी हम आशा करते हैं कि जो इन्वेस्टिगेशन एजेंसी जहां भी है केस आगे दिया गया है केंद्रीय एजेंसी को उसमे जो हमें पूरा पूरा विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा । आप जो है पहले दिन से देखिए बचाने की कोशिश की जा रही है। हमारी सुनवाई नहीं हो रही थी। आप देखे पेनड्राइव जो हैकहाँ से मिला इनको और मोबाइल जो***

***है वो बोलते State Forensic Lab में है अब जब हमारी पिछली पेशी हुई थी हाई कोर्ट में तो हमे तब पता लगा की मोबाइल भी मिला है ये पहले दिन से ही हमे कोई भी इनकी तरफ से सपोर्ट नहीं मिली है सरकार की तरफ से और सरकार मिली हुई है इनको बचा रही है ।***

इस बीच नेता प्रतिप़क्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी मौत मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के प्रदेश हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अब इस मामले की निष्पक्ष जांच हो सकेगी और विमल नेगी व उनके परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विमल नेगी के परिवार के साथ खड़ी है।

***आज के इस कोर्ट के फैसले का मैं अभिनंदन करता हूं और स्वागत करता हूं और इस उम्मीद के साथ के निश्चित रूप से दोषी के खिलाफ कार्यवाही होगी और जो हमने मांग की थी विपक्ष की ओर से हिमाचल प्रदेश की विधानसभा के अंदर विधानसभाके बाहर के राज्यपाल महोदय जी के पास जाकर के आज हाई कोर्ट ने उस मांग पर हमारी मांग को पूरा किया है और मोहर लगाई है।***

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा विमल नेगी मौत मामले की जांच सीबीआई को सौंपने से सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से इस मौत के लिए जिम्मेदार वास्तविक लोगों को सजा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का ये फैसला प्रदेश सरकार की नीयत पर भी आक्षेप है।

*उच्च न्यायालय ने सीबीआई इंक्वायरी के लिए आदेश पारित किए, ये जहां सत्य की जीत है, वहीं हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार, माननीय मुख्यमंत्री, होममिनिस्टर, उनके ऊपर सीधा–सीधा एक आक्षेप है, क्यों उन्होंने इतने दिन तकसीबीआई की जांच को ठुकराया, क्यों उन्होंने इतने गंभीर मसले को और गंभीरता नहीं दिखाई और इतने दिन तक साक्षियों को मिटाने का काम किया गया।*

**सीबीआई जांच–3**

विधायक व पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर और भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इस फैसले से साबित हो गया है कि प्रदेश सरकार पर विमल नेगी मामले पर जो भी आरोप लगे थे, वह सही थे। उन्होंने कहा कि वास्तव में प्रदेश सरकार विमल नेगी के परिजनों का दर्द ही नहीं समझ पाई। उन्होंने कहा कि इस फैसले से जहां सच्चाई की जीत हुई वहीं कांग्रेस सरकार की पोल भी खुल गई है।

**कुलदीप पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि देश विदेश में अपनी अलग पहचान बना चुके चंबा के अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले के मूल स्वरूप को बनाए रखना हम सबका दायित्व है। पठानिया आज चंबा में मिंजर मेले के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जिला के सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान व्यवस्था प्रबंधन में कोई कमी न रहे। इस बार मिंजर मेला 27 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया से भेंट की। इस दौरान राज्य सरकार के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोग के समक्ष प्रस्तुति दी और राज्य की ओर से एक अतिरिक्त ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग से राज्य के लिए निधि आवंटन बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश के पहाड़ी राज्य भौगोलिक दृष्टि से विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हैं। इसलिए उन्हें उनका उचित हक मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए राज्य द्वारा दी जा रही सेवाओं के लिए ग्रीन बोनस की मांग भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी में कमी के कारण राज्य को नुकसान हुआ है और इसके लिए राज्य को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए राजस्व घाटा अनुदान को बढ़ाया जाना चाहिए, न कि धीरे–धीरे समाप्त किया जाए। डॉ. पनगढ़िया ने आश्वासन दिया कि आयोग राज्य के आग्रह पर विचार करेगा।

## तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भाजपा द्वारा देश सहित प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज कुल्लू जिला के बंजार, मंडी के बालीचौकी, शिमला जिला के रोहडू और चंबा में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। बंजार में निकाली गई तिरंगा का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरा देश ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से गदगद है और भारतीय सेना के साथ खड़ा है। विधायक सुरेंद्र सौरी भी इस दौरान मौजूद रहे।

चंबा में आयोजित तिरंगा यात्रा का नेतृत्व डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ सेना द्वारा की गई कार्रवाई काबिले तारीफ है। रोहडू में आयोजित तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने ये साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को अब हर मोर्चे पर मुहं की खानी पड़ेगी।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार से सिरमौर जिला के माजरा स्थित एस्ट्रोटर्फ मैदान में बिजली का कनेक्शन लगाने और पानी की व्यवस्था का आग्रह किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज एक बयान में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने लगभग 7 करोड़ रूपए की लागत से प्रदेश के लिए इस एस्ट्रोटर्फ का निर्माण किया लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने यहां बिजली का कनेक्शन न लगा कर राज्य के हॉकी खिलाड़ियों के प्रति बेरूखी दिखाई जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मैदान पर पानी की व्यवस्था न होने पर यहां अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को इस एस्ट्रोटर्फ का फायदा नहीं हो रहा है और पानी की कमी के कारण एसट्रोटर्फ भी खराब हो रहा है।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि भारी आर्थिक संकट और विपक्ष द्वारा सरकार को अस्थिर करने के प्रयासों के बावजूद मौजूदा सरकार ने बेहतरीन विकास कार्य किए हैं। रोहित ठाकुर आज जुब्बल क्षेत्र की बरथाटा पंचायत में नव निर्मित केलवी–बलाई संपर्क सड़क के लोकार्पण के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने जहां हिमाचल को शिक्षा के क्षेत्र में 21वें स्थान पर पहुंचा दिया था वहीं मौजूदा सरकार के प्रयासों के चलते हिमाचल फिर से असर की रिपोर्ट के अनुसार केरल को पिछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर पहुंच गया है।

**कुलदीप राठौर**

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप राठौर ने आज नई दिल्ली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की बैठक में कांग्रेस का पक्ष प्रमुखता से रखने के लिए राहुल गांधी का आभार जताया। राठौर ने कहा कि राहुल गांधी ने सभी प्रवक्ताओं को इस बैठक में भाजपा के जाल में न फंसने और कांग्रेस का पक्ष मजबूती से रखने को कहा।

**निर्वाचन आयोग**

प्रदेश की मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समावेशी और प्रभावी बनाने के लिए शुरू की गई नई पहलों को प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन पहलों को 6 प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है जिनमें मतदाता, राजनीतिक दल, प्रक्रियात्मक सुधार, कानूनी प्रावधान, चुनाव कार्मिक और निर्वाचन आयोग के प्रशासनिक सुधार शामिल हैं। नंदिता गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में निर्वाचन आयोग के सभी 28 नवाचारों पर कार्य प्रारंभ कर दिया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- **प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश।**
- **विपक्षी दल भाजपा ने हाईकोर्ट के फैसले को बताया सच्चाई की जीत–विमल नेगी के परिजनों को मिलेगा न्याय।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया से भेंट कर राज्य के लिए निधि आवंटन बढ़ाने का किया आग्रह।**
- **भारतीय सेना के शौर्य, साहस व बलिदान को समर्पित तिरंगा यात्रा जारी–नेता प्रतिपक्ष ने कहा–पूरा देश ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से गदगद।**

———————————————